Seventeenth Loksabha

an>

Title: Need to set up Trauma Centres in Ekma and Bhagwanpur in Maharajganj Parliamentary Constituency, Bihar -laid.

श्री जनार्दन सिंह सीग्रीवाल (महाराजगंज): महाराजगंज लोकसभा, बिहार मेरा संसदीय क्षेत्र है I मेरे क्षेत्र अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-531 (NH-531) के किनारे जिला-सारण (छपरा) में एकमा तथा राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-331 (NH-331) के किनारे जिला-सिवान में भगवानपुर स्थित है I यह दोनों स्थल मेरे संसदीय क्षेत्र के अतिव्यस्त बाज़ार है I उपर्युक्त राष्ट्रीय राजमार्गों पर प्रतिदिन हजारो-हजार की संख्या में अनेको प्रकार के वाहनों का आवागमन होता है I इस परिस्थिति में आये दिन बड़ी दुर्घटनाएं होती रहती है I दुर्घटनाओं में अति गंभीर रूप से घायल मरीजों को तत्काल उचित उपचार हेतु उक्त दोनों स्थलों पर कोई भी अस्पताल नहीं है I

अत : भारत सरकार के स्वास्थ्य मंत्री जी से मेरा आग्रह है कि मेरे संसदीय क्षेत्र के एकमा एवं भगवानपुर में एक-एक ट्रामा सेंटर स्थापित किया जाये ताकि आये दिन दुर्घटनाओं में अति गंभीर रूप से घायल मरीजों का तत्काल उचित उपचार कराके उनका जीवन बचाया जा सके I